इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड

IRCTC

INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.

(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)

CIN: L74899DL1999GOI101707

Web Site: www.irctc.com, E-mail: info@irctc.com

प्रेस विज्ञप्ति

आईआरसीटीसी द्वारा माह सितम्बर में लखनऊ से लद्दाख भ्रमण के लिये हवाई यात्रा पैकेज का संचालन

आईआरसीटीसी, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा यात्रियों की अधिक मांग को देखते हुए लद्दाख भ्रमण के लिये पॅाचवां हवाई टूर पैकेज **दिनांक 26.09.21 से 03.10.21** तक 08 दिन एवं 07 रात्रि का लॉच किया जा रहा है।

इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से लेह वाया नई दिल्ली जाने/आने की व्यवस्था तेजस एक्सप्रेस एवं फ्लाइट से की गई है। इस दौरान लखनऊ से नई दिल्ली के मध्य की यात्रा तेजस एक्सप्रेस द्वारा करवायी जायेगी। खान–पान एवं ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था है। यात्रा के दौरान लेह में होटल स्टे के साथ स्तूप एवं मठ दर्शन, शाम वैली में लेह पैलेस, शांतिस्तूप, गुरूद्वारा, नुब्रा वैली में स्थित कैंप में रात्रि विश्राम, दिस्कीत, हण्डर व तुर्तुक गॉव एवं स्थानीय जगहों की सैर के साथ पेन्गॉन्ग झील का भ्रमण कराया जायेगा ।

इस पैकेज में लखनऊ से दिल्ली जाने/आने की यात्रा, तीन सितारा होटल एवं कैंप में ठहरने एवं खानपान की व्यवस्था (ब्रेकफास्ट, लंच एवं डिनर) आईआरसीटीसी द्वारा की जायेगी। दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य रू0–38,600/– प्रति व्यक्ति एवं तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू0–37,700/–है। माता–पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य रू0–36,300/– (बेड सहित) एवं मूल्य रू0–30,400/– (बिना बेड के) होगा। इस पैकेज की बुकिंग **पहले आओ पहले पाओ** आधार पर की गयी है।

इच्छुक व्यक्तियों द्वारा पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय में सम्पर्क कर एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.irctctourism.com से ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है।

- अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये लखनऊ में मोबाइल सं0–8287930915/14/13/12/11/10/09/08, कानपुर– 8287930934/ 8287930932, इलाहाबाद–8287930932/7081586383, गोरखपुर– 8595924273/8595924297, वाराणसी–8287930939/8595924274, झांसी–8287930933/8595924300 एवं आगरा–8595924302 से प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक– 21.09..2021

(अजीत कुमार सिन्हा)
मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक
आईआरसीटीसी
उ0क्षे0 लखनऊ

Regional Office: 2nd Floor, "Paryatan Bhawan", C-13, Vipin Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010 (U.P.). Tel No. – (0522) 2305522, 4042362, Fax – (0522) 2305533.

Regd. & Corporate Office: 11th Floor, B–148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi –110001,